पुलिस ने युवक को बचाया

श्रावस्ती। मीडिया सेल व थाना कोतवाली भिनगा पुलिस की सतर्कता ने रविवार देर रात एक युवक की जान बचा ली। पुलिस मुख्यालय से मीडिया सेल को सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर आत्महत्या का संकेत देने वाला स्टेटस पोस्ट किया है। जिसमें वह जहर खाकर आत्महत्या का संकेत दे रहा है।

लोकेशन सहित पोस्ट की सभी सूचना मिलते ही मीडिया सेल प्रभारी शशि शेखर जरोरा व सोशल मीडिया निगरानी ड्यूटी पर तैनात आरक्षी रजत द्विवेदी ने कस्बा चौकी प्रभारी वीरपाल सिंह तोमर को अवगत कराया। चौकी प्रभारी ने टीम के साथ 20 मिनट में बताई गई लोकेशन पर पहुंचकर परिजन तथा युवक से मुलाकात की और युवक को आत्महत्या करने से रोक लिया। पूछतांछ में युवक ने बताया कि परेशान होकर गलती से पोस्ट कर दिया था।

एथलेटिक्स व साइकिलिंग में पुलिस का दबदबा

- सिद्धार्थनगर में हुई एथलेटिक्स व साइकिलिंग प्रतियोगिता
- श्रावस्ती पुलिस ने जीते 19 गोल्ड समेत 36 मेडल



पुलिस कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में प्रतियोगिता में मिले शील्ड, मेडल व प्रशस्ति पत्र को दिखाते पुलिस खिलाड़ी व मौजूद पुलिस के उच्चाधिकारी • जागरण

संसू, जागरण • श्रावस्ती : सिद्धार्थनगर जिले में पुलिस लाइन में 14 से 16 फरवरी तक 73वीं अंतरजनपदीय महिला/पुरुष एथलेटिक्स व साइकिलिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें गोरखपुर जोन की कुल 11 टीमों ने हिस्सा लिया। दोनों प्रतियोगिताओं में श्रावस्ती पुलिस के महिला व पुरुष खिलाड़ियों ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुए 19 गोल्ड, 10 सिल्वर, सात ब्रांज समेत कुल 36 मेडल हासिल किया। साइकिलिंग प्रतियोगिता में श्रावस्ती की टीम विजेता व एथलेटिक्स में उपविजेता रही।

एसपी घनश्याम चौरसिया ने बताया कि पुरुष वर्ग में हैमर व डिस्कस थ्रो में मुख्य आरक्षी रवींद्र कुमार (पीटीआइ) ने दो गोल्ड मेडल व गोला फेंक में एक सिल्वर मेडल प्राप्त किया। आरक्षी गोविंद ने साइकिलिंग व पांच किलोमीटर दौड़ में दो गोल्ड व रिले दौड़ में सिल्वर मेडल, आरक्षी अख्तर आलम ने जैवलिन थ्रो में एक कांस्य व रिले दौड़ में दो सिल्वर, आरक्षी गौरव ने तीन किलोमीटर, 1500 मीटर दौड़ में दो कांस्य पदक, 400 मीटर रिले दौड़ में एक सिल्वर, आरक्षी चंदन ने 10 किलोमीटर दौड़ में एक कांस्य पदक, आरक्षी जगदीश राणा ने 400 मीटर रिले दौड़ में सिल्वर, आरक्षी अजय ने 20 किलोमीटर वाक चाल में कांस्य पदक प्राप्त किया। महिला आरक्षी नेमवती ने 400, 800, 1500, 3000, 5000 मीटर दौड़ में छह गोल्ड मेडल व 400 मीटर रिले दौड़ में सिल्वर, आरक्षी मायावती ने 100 मीटर दौड़, 110 मीटर बाधा दौड़, 400 मीटर दौड़ व साइकिलिंग में पांच गोल्ड मेडल, 400 मीटर रिले दौड में सिल्वर व लंबी कूद में कांस्य पदक जीता। महिला आरक्षी पूजा मिश्रा ने हैमर थ्रो व 400 मीटर रिले दौड़ में गोल्ड मेडल, अपराजिता दुबे ने 10 किलोमीटर वाक चाल में गोल्ड मेडल, आरक्षी रानी ने साइकिलिंग व 400 मीटर रिले दौड़ में गोल्ड व एक सिल्वर मेडल हासिल किया। आरक्षी रितु पांडे ने 400 मीटर रिले दौड़ में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। महिला वर्ग की एथलेटिक्स/साइकिलिंग प्रतियोगिता में एक-एक शील्ड व पुरुष वर्ग की साइकिलिंग प्रतियोगिता में एक शील्ड प्राप्त हुआ। एथलेटिक्स व साइकिलिंग प्रतियोगिता में श्रावस्ती पुलिस के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोरखपुर जोन में श्रावस्ती पुलिस का मान बढ़ाया। सोमवार को पुलिस कार्यालय में एसपी ने सम्मान समारोह आयोजित कर सभी खिलाड़ियों को मेडल पहनाया और उनका हौसला बढ़ाया। एएसपी प्रवीण कुमार यादव, टीम हेड निरीक्षक विजय सिंह मौजूद रहे।